कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सागर (म.प्र.)

विविध आदेश

क्रमांक–106(एक–दो–01)07 सागर, दिनांक 04.12.2024

मैं महेश कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सागर कार्यविभाजन आदेश क्रमांक 33/(एक–दो–01)07 दिनांक 10.04.2024 एवं प्रभार आदेश क्रमांक 34/(एक–दो–01)07 दिनांक 10.04.2024 में सिविल कोर्ट अधिनियम, 1958 की धारा 15 की उपधारा (1) एवं धारा 21 (4) तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 214, 422 (2) और धारा 441 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पूर्व में जारी आदेशों को अधिभावी रूप से अधिष्ठित करते हुये निम्न आंशिक संशोधन करता हूँ।

क्र.	न्यायालय का नाम व स्थान (02)	क्षेत्राधिकार (03)	प्रकरण का प्रकार, जिनकी सुनवाई कर निराकरण किया जाना है (04)
1.	**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सागर श्री अंकित श्रीवास्तव**	जिला मुख्यालय सागर	***व्यवहार प्रकरण*** 1. प्रधान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सागर द्वारा समय समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण 2. ऐसे सिविल वाद प्रकरण जिनका मूल्यांकन **50,00,001/– अंकन पचास लाख एक रुपये से 75,00,000/– अंकन पचहत्तर लाख रुपये** तक का हो एवं उनसे उत्पन्न होने वाली विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां 3. भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, के भाग 10 के अंतर्गत प्रकरण 4. व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के क्षेत्राधिकार से संबंधित ऐसी समस्त कार्यवाहियां जिनके लिये किसी भी अन्य व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के लिये अधिकृत ना किया गया हो। 5. **पूर्व में पदस्थ रहे समस्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सागर** द्वारा निराकृत प्रकरणों से उत्पन्न होने वाली विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां जिनके लिये अन्य किसी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड को अधिकृत ना किया गया हो।
2.	चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर **(श्रीमती खुशबू दांगी)**	जिला मुख्यालय सागर	***व्यवहार प्रकरण*** 1. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण।

प्रभार आदेशः–

क्र.	न्यायालय का नाम	अनुपस्थिति में आवश्यक कार्यभार वाले न्यायालय का नाम
1.	चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर	**प्रथम प्रभार–अष्टम्** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर । **द्वितीय प्रभार–नवम्** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर । **तृतीय प्रभार–दशम्** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सागर। **तत्पश्चात्** अंतिम प्रभारी के पदक्रम के उत्तरवर्ती क्रमांक के व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर ।

नोटः– 1. उक्त संशोधन के अतिरिक्त शेष कार्यविभाजन/प्रभार आदेश यथावत रहेगा।

04/12/2024

(महेश कुमार शर्मा)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सागर (म.प्र.)

ईमेल

पृष्ठाकंन कमांक 7113 (एक–दो–01)07 सागर दिनांकः 04.12.2024

प्रतिलिपिः–

1. समस्त न्यायाधीशगण जिला स्थापना सागर ।
2. ऑब्जेक्शन क्लर्क, पंजीयन अनुभाग सागर।
3. निष्पादन लिपिक/प्रस्तुतकार प्रधान जिला न्यायाधीश, सागर
4. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ सागर

की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ अग्रेषित।

04/12/2024

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सागर (म.प्र.)

O/C